**भारत सरकार**
**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय**
**लोक सभा**

अतारांकित प्रश्न सं. **973** जिसका उत्तर
शुक्रवार, **22 जुलाई**, 2022/31 आषाढ़, 1944 (शक) को दिया जाना है

**आंध्र प्रदेश में सागरमाला कार्यक्रम की स्थिति**

**†973. श्री राम मोहन नायडू किंजरापु :**

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आंध्र प्रदेश में सागरमाला कार्यक्रम के अंतर्गत परियोजानाओं की वर्तमान स्थिति क्या है तथा स्वीकृत और पूर्ण की गई परियोजनाओं, उनकी लागत, उनके पूरा होने की तिथि और उनमें राज्य के योगदान का ब्यौरा क्या है;

(ख) बरुवा और कलिंगपट्टनम पत्तन पर पर्यटन यात्री जेट्टी परियोजना और बंदारुवानी पेटा में फिशिंग हार्बर परियोजना की वर्तमान स्थिति और सम्पूर्ण ब्यौरा क्या है;

(ग) इन परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति सहित आवंटित/उपयोग की गई निधियों का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है तथा ऐसी स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है, जिनके कार्य अभी तक शुरू नहीं हुए हैं; और

(घ) सागरमाला परियोजना के अंतर्गत आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम में पूरे किए गए कार्यों का ब्यौरा क्या है और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**
**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री**
**(श्री सर्बानंद सोणोवाल)**

**(क):** पत्तन आधारित औद्योगीकरण, पत्तन आधुनिकीकरण, पत्तन संपर्कता संवर्धन, तटीय सामुदायिक विकास और तटीय पोत परिवहन एवं अंतर्देशीय जलमार्गों से संबंधित अवसंरचना को

बढ़ाने के लिए आंध्र प्रदेश राज्य में सागरमाला कार्यक्रम के अंतर्गत 1 लाख करोड़ रु. से अधिक मूल्य वाली लगभग 119 परियोजनाओं को चिन्हित किया गया हैं। इन परियोजनाओं का कार्यान्वयन केंद्रीय मंत्रालयों, आईडब्ल्यूएआई, भारतीय रेल, एनएचएआई, राज्य सरकार तथा महापत्तन आदि द्वारा किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, आंध्र प्रदेश राज्य में तटीय जिलों के समग्र विकास के अंतर्गत कार्यान्वयन के लिए 1930 करोड़ रु. की अनुमानित लागत वाली कुल 52 परियोजनाओं की पहचान की गई हैं।

आंध्र प्रदेश में सागरमाला कार्यक्रम के माध्यम से आंशिक रूप से 1533 करोड़ रु. के मूल्य वाली 13 परियोजनाओं को वित्तपोषित किया गया है। इन 13 परियोजनाओं में से, 754 करोड़ रु. मूल्य वाली 5 परियोजनाएं पूरी हो गई हैं, 316 करोड़ रु. मूल्य वाली 3 परियोजनाएं कार्यान्वयन के तहत हैं और 463 करोड़ रु. वाली 5 परियोजनाएं विकास के तहत हैं। सागरमाला के अंतर्गत मंत्रालय द्वारा वित्तपोषित परियोजनाओं की सूची **अनुबंध** में दी गई है।

**(ख) और (ग):** 'कलिंगपट्टनम में यात्री जेट्टी', 'बरुवा में पर्यटन यात्री जेट्टी परियोजना' तथा 'बंदारुवानी पेटा में मत्स्यन बंदरगाह' परियोजनाओं के ब्यौरों के साथ-साथ आबंटित की गई निधियों तथा उनकी वर्तमान स्थिति निम्नानुसार है:-

| क्र स. | परियोजना का नाम | कुल लागत (करोड़ रु. में) | सागरमाला के अंतर्गत एमओपीएसडब्ल्यू का हिस्सा (करोड़ रु. में) | वर्तमान स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कलिंगपट्टनम में यात्री जेट्टी | 72.45 | 10.00 | सागरमाला के अंतर्गत वित्तपोषण के लिए दिनांक 09.08.2018 को राज्य सरकार को सैद्धांतिक अनुमोदन संसूचित किया गया। |
| 2. | बरुवा में पर्यटन यात्री जेट्टी परियोजना | 59.00 | - | सागरमाला में वित्तपोषण के लिए प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। आंध्र प्रदेश सरकार ने सूचित किया है कि परियोजना लागत में संशोधन हेतु आंध्र |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | प्रदेश सरकार को एपीटीडीसी (आंध्र प्रदेश पर्यटन विकास निगम) द्वारा प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया था। |
| 3. | बंदारुवानी पेटा में मत्स्यन बंदरगाह | - | - | आंध्र प्रदेश सरकार ने सूचित किया है कि बंदारुवानी पेटा, श्रीकाकुलम जिले में कोई मत्स्यन बंदरगाह का विकास नहीं किया गया है। आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा श्रीकाकुलम जिले के बुडागटलापेलम में एक मत्स्यन बंदरगाह का विकास किया जा रहा है। इस मत्स्यन बंदरगाह का विकास, राज्य में विकास किए जा रहे 9 मत्स्यन बंदरगाहों के रूप में किया जाएगा। बुडागटलापेलम का विकास, इस पहल के चरण-II के भाग के रूप में किया जाएगा। |

**(घ):** आंध्र प्रदेश सरकार भावनापाडु, श्रीकाकुलम जिले में एक ग्रीन फिल्ड पत्तन का विकास कर रही है। उक्त परियोजना का विकास और वित्तपोषण संपूर्ण रूप से आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा किया जा रहा है।

**अनुबंध-1**

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | परियोजना श्रेणी | कार्यान्वयन एजेंसी | परियोजना लागत (करोड़ रु.) | जारी की गई निधि (करोड़ रु.) | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कान्वेंट जंक्शन को बाईपास करते हुए एच-7 क्षेत्र से पत्तन संपर्कता सड़क तक ग्रेड सेपरेटर का निर्माण - विशाखापट्टणम पत्तन | सड़क | एनएचएआई | 60.00 | 14.98 | पूरा किया गया |
| 2 | एनएच-5 तक पत्तन सड़क संपर्कता को 2 से 4 लेन वाला बनाना- चरण-II | सड़क | एनएचएआई | 77.00 | 20.00 | पूरा किया गया |
| 3 | वीपीटी में तटीय बर्थ का निर्माण | तटीय अवसंरचना | विशाखापट्टणम पत्तन न्यास | 43.00 | 30.00 | पूरा किया गया |
| 4 | मैरीटाइम और पोत निर्माण उत्कृष्टता केंद्र - सीईएमएस - आंध्र प्रदेश-आंध्र प्रदेश में 24 में से 18 प्रयोगशालाएं | प्रौद्योगिकी केंद्र | आईआरएस | 574.00 | 22.14 | पूरा किया गया |
| 5 | तटीय जिला कौशल विकास कार्यक्रम - चरण-I - आंध्र प्रदेश | कौशल विकास | ग्रामीण विकास मंत्रालय (डीडीयू-जीकेवाई) | 0.28 | 0.28 | पूरा किय गया |
| 6 | आंध्र प्रदेश राज्य में एसपीएसआर नेल्लोर जिले में जुव्वलदीन्ने में मत्स्यन | मत्स्यपालन | मत्स्यन विभाग, आंध्र | 288.00 | 36.10 | कार्यान्वयन के तहत |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | बंदरगाह का विकास। | | प्रदेश सरकार | | | |
| 7 | तटीय जिला कौशल विकास कार्यक्रम चरण-2 - आंध्र प्रदेश | कौशल विकास | ग्रामीण विकास मंत्रालय (डीडीयू-जीकेवाई) | 6.00 | 5.98 | कार्यान्वयन के तहत |
| 8 | भवानी द्वीप में यात्री जेट्टी का निर्माण - कृष्णा जिला | रो रो और पैसेंजर जेट्टी | आंध्र प्रदेश पर्यटन विकास निगम | 22.00 | 5.00 | कार्यान्वयन के तहत |
| 9 | पूर्वी गोदावरी जिला, आंध्र प्रदेश में काकीनाडा एंकरेज पत्तनों की अवसंरचना में सुधार | पत्तन आधुनिकीकरण - गैर-महापत्तन | आंध्र प्रदेश समुद्री बोर्ड | 85.83 | 0.00 | कार्यान्वयन के तहत |
| 10 | काकीनाडा में यात्री जेट्टी - सी प्लेन जेट्टी का विकास और मौजूदा जेट्टी का उन्नयन | रो रो और यात्री जेट्टी | आंध्र प्रदेश पर्यटन विकास निगम | 72.48 | 0.00 | राज्य सरकार को वित्तपोषण हेतु सैद्धांतिक अनुमोदन संसूचित किया गया। |
| 11 | भीमुनिपट्टनम में यात्री जेट्टी का निर्माण | रो रो और यात्री जेट्टी | आंध्र प्रदेश पर्यटन विकास निगम | 78.99 | 0.00 | राज्य सरकार को वित्तपोषण हेतु सैद्धांतिक अनुमोदन संसूचित किया गया |
| 12 | कलिंगपट्टनम में यात्री जेट्टी का निर्माण | रो रो और यात्री जेट्टी | आंध्र प्रदेश पर्यटन विकास | 72.45 | 0.00 | राज्य सरकार को वित्तपोषण हेतु सैद्धांतिक |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | निगम | | | अनुमोदन संसूचित किया गया |
| 13 | विशाखापट्टणम मत्स्यन बंदरगाह का आधुनिकीकरण | मत्स्यन विभाग | विशाखापट्टणम पत्तन न्यास | 152.81 | 0.00 | विकास के अधीन |

*****